सेवा में,

श्री राजीव भारती, एच.जे.एस.
रजिस्ट्रार जनरल
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह,
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या- 06, गोण्डा।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मेरा स्थानान्तरण माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अधिसूचना संख्या-869/एडमिन(सर्विसेज)/2024 दिनांकित 13 अप्रैल, 2024 वार्षिक स्थानान्तरण- 2024 के अनुक्रम में जनपद अमरोहा से गोण्डा के लिए हुआ है। मेरे द्वारा दिनांक 18.04.2024 को गोण्डा में अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

मैं उपर्युक्त स्थानांतरण के प्रति निम्नवत् आग्रह करना चाहता हूँ कि-

1. मेरी पुत्री दिल्ली विश्वविद्यालय की स्नातक छात्रा है, जो दिल्ली में रह कर अध्ययन कर रही है। वहाँ वह अकेली रहती है। गोण्डा दूर होने के कारण से उसका कुशल-क्षेम पता करने के लिए दिल्ली जाते रहना, एक दुष्कर कार्य होगा।

2. मेरी पत्नी ब्लड प्रेशर व हृदय रोगी है जिसकी नियमित चिकित्सा दिल्ली से हो रही है। समय-समय पर फॉलो-अप परीक्षण के लिए दिल्ली जाना पड़ता है। गोण्डा से दिल्ली की दूरी को देखते हुए मेरे लिए यह एक कठिन कार्य होगा।

उपर्युक्त के आलोक में आप से सादर आग्रह है कि मेरा स्थानान्तरण दिल्ली से संलग्न किसी आस-पास के जनपद में करने की कृपा की जाए। मैं सदेव माननीय उच्च न्यायालय का आभारी रहूँगा।

सादर!

भवदीय

30.04.2024.

दिनांक- 30.04.2024

(सूर्य प्रकाश सिंह)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या- 06, गोण्डा।